स्तन कैंसर का उपचार
कीमोथैरेपी

नफीजा (बदला हुआ नाम) एक 45 वर्षीय महीला है जिसने अपने बाएँ स्तन के कैंसर के लिए इलाज कराया है। उसे उसके विशेषज्ञ द्वारा कीमोथेरेपी कराने की सलाह दी गई है। वह इस बारे में विचार कर रही थी कि कीमोथेरेपी लेने से कोई महत्वपूर्ण लाभ होगा या नहीं

कीमोथेरेपी क्या है?

कीमोथेरेपी एक प्रकार का उपचार है जिसमें कैंसर विरोधी (साइटोटोक्सिक) दवाओं के संयोजन का उपयोग किया जाता है। इसका उद्देश्य उन सभी कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करना है जो स्तन से रक्त प्रवाह या लसीका प्रणाली तक फैली हुई हो सकती हैं। इसे प्रणालीगत उपचार के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसमें पूरा शरीर दवाओं के संपर्क में रहता है।

कीमोथेरेपी क्यों दी जाती है?

कीमोथेरेपी देने से पहले अनेक कारक जैसे कि स्तन कैंसर का आकार कैंसर का ग्रेड, लसीका ग्रंथियों का फंसना रोगी की आयु और सामान्य स्वास्थ्य पर विचार किया जाता है।

प्राथमिक स्तन कैंसर के लिए कीमोथेरेपी कब दी जाती है?

प्राथमिक स्तन कैंसर वह स्तन कैंसर होता है जो स्तन और बगल के नीचे वाली लसीका ग्रंथियों में पाया जाता है और जो शरीर के किसी अन्य अंग में न फैला हो।

अधिकांश परिस्थितियों में, कीमोथेरेपी सर्जरी के बाद और रेडियोथेरेपी से पहले की जाती है, हालांकि यह मरीज की व्यक्तिगत परिस्थितियों के आधार पर भिन्न हो सकती है। इसे एड्जूवेंट कीमोथेरेपी कहा जाता है। यह आमतौर पर सर्जरी किए जाने के बाद तीसरे और चैथे सप्ताह में शुरू की जाती है, ताकि शरीर को ऑपरेशन के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए कुछ समय मिल सके।

कुछ मामलों में, सर्जरी से पहले कीमोथेरेपी की जाती है व बड़े ट्यूमर को छोटा करने के प्रयास में ताकि स्तन की सर्जरी करना आसान हो सके। इसे नीयो एड्जूवेंट या प्राथमिक कीमोथेरेपी कहा जाता है।



कीमोथेरेपी देने से पहले बायें स्तन में स्थानीय रूप से विकसित कैंसर





बायें स्तन के मैमोग्राम (सीसी दृश्य) में प्रदर्शित नियो एजवंट कीमोथेरेपी के 8 चक्र पूर्ण करने के बाद सर्जरी से पूर्व कैंसर में गाइड वायर





बायें स्तन के मैमोग्राम (एलएलओ दृश्य) में प्रदर्शित नियो एजवंट कीमोथेरेपी के 8 चक्र पूर्ण करने के बाद सर्जरी से पूर्व कैंसर में गाइड वायर



वाइड लोकल एक्सीजन में सहायक गाइड वायर-नमूना एक्स-रे में प्रदर्शित कैंसर के बीच वायर

नियो एजवंट कीमोथेरेपी की अनुपालना में ऑनकॉप्लास्टिक स्तन को सुरक्षित रखने वाली सर्जरी के दस दिन बाद (ऑपरेशन बाद का दृश्य)

Six months - Left Breast after Oncoplastic Breast conserving surgery following neo adjuvant chemotherapy

सौजन्य सेः स्तन रोग केआईएमएस-ऊषालक्ष्मी केंद्र, हैदराबाद

www.breastcancerindia.org

द्वितीय स्तन कैंसर के लिए कीमोथेरेपी कब दी जाती है?

द्वितीय या मेटास्टेटिक स्तन कैंसर तब होता है जब स्तन कैंसर की कोशिकाएँ स्तन से शरीर के अन्य भागों में फैल जाती हैं जैसे कि हड्डियाँ या फेफड़े। द्वितीयक स्तन कैंसर को सिकोड़ने या उसके विकास को नियंत्रित करने के लिए कीमोथेरेपी दी जाती है।

कीमोथेरेपी किसके द्वारा की जानी चाहिए?

कीमोथेरेपी एक योग्य मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट द्वारा की जानी चाहिए

कीमोथेरेपी किस प्रकार की जाती है?

केमोथेरेपी विभिन्न प्रकार से की जा सकती है। स्तन कैंसर के लिए. दवाओं को सामन्यतः नसों (नस के माध्यम से) द्वारा या छाती में डाले गए पोर्ट के माध्यम से शरीर के अंदर डाला जाता है।

आमतौर पर कीमोथेरेपी उपचार की एक श्रृंखला के रूप में छः माह की अवधि में तीन-चार सप्ताह के अंतराल पर की जाती है, हालांकि यह व्यक्ति की परिस्थितियों के आधार पर भिन्न हो सकती है। प्रत्येक कीमोथेरेपी उपचार के बीच की अवधि शरीर को किसी भी लघु अवधि के दुष्प्रभावों से ठीक होने का समय देती है। कीमोथेरेपी का सही प्रकार और खुराक व्यक्ति की स्थिति के आवश्यकता के अनुरूप किया जाएगा।

क्या कीमोथेरेपी के लिए अस्पताल में पूरी रात रूकना पड़ता है?

आमतौर पर उपचार बाहरी मरीज के रूप में किया जाता है और मरीज उसी दिन वापस घर जा सकता है।

कीमोथेरेपी लेने से व्यक्ति को कितना लाभ होगा?

लाभ विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिसमें आयु, लसीका गंथियाँ फंसी हुई हैं या नहीं और स्तन कैंसर का प्रकार, आकार और ग्रेड शामिल हैं। कुछ मामलों में कीमोथेरेपी के लाभ स्पष्ट होते हैं। अन्य मामलों में वे कम निश्चित या बहुत कम हो सकते हैं और यह निर्णय लेना बहुत मुश्किल हो सकता है कि कीमोथेरेपी कराई जाए या नहीं। मरीज को लाभों और होने वाले संभावित दुष्प्रभावों के बारे में विशेषज्ञ से परामर्श करना चाहिए।

सीता (बदला हुआ नाम) एक 45 वर्षीय महीला है जिसकी स्तन कैंसर की सर्जरी के बाद कीमोथेरेपी की जा रही है वह अनेक दुष्प्रभावों का सामना कर रही है

कीमोथेरेपी के लघु अवधि दुष्प्रभाव क्या हैं?

कीमोथेरेपी में दी जाने वाली दवाएँ कैंसर की कोशिकाओं को विभाजित होने और बढ़ने से रोकती हैं। कुछ स्वस्थ्य कोशिकाएँ भी निरंतर रूप से विभाजित और विकसित होती रहती हैं, इसलिए वे भी प्रभावित हो सकती हैं और इसके कारण दुष्प्रभाव हो सकते हैं। चूंकि स्वस्थ्य कोशिकाएँ त्वरित रूप से स्वयं को ठीक कर सकती हैं, इसलिए दुष्प्रभाव आमतौर पर अस्थायी होते हैं। कीमोथेरेपे लोगों को विभिन्न प्रकार से प्रभावित करती है। कुछ लोगों को बहुत कम दुष्प्रभाव महसूस होते हैं जबकि दूसरों को बहुत अधिक महसूस होते हैं। कीमोथेरेपी में दी जाने वाली विभिन्न दवाओं के भिन-भिन्न दुष्प्रभाव होते हैं। नीचे कुछ सामान्य दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया है।

मितली और उल्टी

कीमोथेरेपी कराने के तुरंत बाद या कुछ घंटों बाद मितली शुरू हो सकती है। यह कुछ घंटों तक या फिर कुछ दिनों तक महसूस होती है। इसे सामान्यतः बीमारी-रोधक (वमन-विरोधी) द्वारा नियंत्रित या कम किया जा सकता है। कुछ लोगों को अतिरिक्त थेरेपी जैसे कि विश्राम थेरेपी, कृत्रिम निद्रावस्था या एक्यूपंचर सहायक लगती हैं।

मुँह में छाले

व्यक्ति के मुँह और मसूड़ों में दर्द हो सकता है या मुँह में छाले हो सकते हैं या मुँह सूख सकता है, इसलिए उपचार के दौरान मुँह की स्वच्छता बहुत अधिक महत्वपूर्ण होती है। मुलायम टूथब्रश से ब्रश करना और अपने मुँह को अधिक से अधिक नम रखना और नियमित रूप से थोड़ा-थोड़ा पानी पीना महत्वपूर्ण होता है। यदि दांत सड़ रहे हैं मसूड़ों में कोई रोग है, तो दंत चिकित्सक से परामर्श करना महत्वपूर्ण होता है ताकि उपचार शुरू होने से पहले इन्हें ठीक किया जा सके। कीमोथेरेपी के दौरान कुछ लोगों के खाने का स्वाद भी बदल जाता है, जैसे कि उनके मुँह में धात्विक स्वाद महसूस होना।

बालों का झड़ना

कीमोथेरेपी के सबसे अधिक तकलीफदेह दुष्प्रभावों में से बालों की हानि भी एक है। यह आमतौर पर धीरे-धीरे होता है और उपचार शुरू होने के दो से तीन सप्ताह के भीतर प्रारंभ होता है, हालांकि यह एकदम से भी हो सकता है। व्यक्ति की

भौहें और पलकों सहित पूरे शरीर के बाल झड़ सकते हैं। उपचार पूरा हो जाने के बाद बाल वापस आ जाने चाहिए। बहुत कम मामलों में लंबे समय तक बालों की हानि की सूचना प्राप्त हुई है।

अस्थि मज्जा में अवरोध

कीमोथेरेपी से अस्थि मज्जा (हड्डियों के अंदर मौजूद स्पंज जैसी सामग्री) प्रभावित हो सकती है, जिसका अर्थ है कि यह नई रक्त कोशिकाओं को बनाने में कम सक्षम होगी। प्रत्येक बार कीमोथेरेपी करने से पहले रक्त का नमूना लिया जाना चाहिए। इसे यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोशिकाओं के स्तर किए जाने वाले उपचार की सुरक्षित सीमओं के भीतर हों। कभी-कभी रक्त कोशिकाएँ इतनी अधिक प्रभावित हो सकती हैं कि उपचार को स्थगित किया जाता है। आमतौर पर रक्त कोशिकाएँ एक सप्ताह के भीतर पर्याप्त रूप से स्वस्थ्य हो जाती हैं और उपचार फिर से प्रारंभ किया जा सकता है।

कीमोथेरेपी द्वारा श्वेत रक्त कोशिकाएँ विशेष रूप से प्रभावित हो सकती हैं। यह संक्रमण से बचाव करती हैं। विशेषज्ञ को इस बारे में सलाह देनी चाहिए कि श्वेत रक्त कोशिकाएँ कब क्म हो सकती हैं और संक्रमण से बचने का प्रयास करने के बारे में सलाह देनी चाहिए। यदि किसी व्यक्ति की श्वेत रक्त कोशिकाओं की गिनती निरंतर कम बनी रहती है, तो इसके स्तर को बढ़ाने के लिए ळ.ब्ै थ् (ग्रैन्यूलोसाइट-कोलोनी स्टिमियूलेटिंग फैक्टर) नामक दवा का इंजेक्शन दिया जाता है। इसे कीमोथेरेपी के क्रमागत चक्रों के बाद भी दिया जा सकता है। यदि कीमोथेरेपी के दौरान व्यक्ति में संक्रमण के कोई भी लक्षण उत्पन्न होते हैं जैसे कि उच्च तापमान (38°ब् से अधिक), बैचेनी महसूस होना या गले में खराश होना, तो विशेषज्ञ को जल्द से जल्द सूचित करना महत्वपूर्ण होता है। चूंकि कीमोथेरेपी के कारण प्लेट्लेट्स (जो रक्त के थक्के बनाने में मदद करते हैं) की संख्या कम हो सकती है, इसलिए उपचार के दौरान व्यक्ति को आसानी से चोट लग सकती है, नाक से खून आ सकता है या दांत को ब्रश करते समय मसूड़ों से खून आ सकता है। यदि व्यक्ति को इनमें से कोई भी एक लक्षण होता है, तो उसे विशेषज्ञ को इस बारे में सूचित करना चाहिए।

थकान (श्रम)

उपचार के दौरान व्यक्ति बहुत थकान महसूस कर सकता है। कभी-कभी कीमोथेरेपी कराने वाले लोगों को लाल रक्त कोशिकाओं की कमी के कारण एनिमिया हो जाता है। यदि व्यक्ति थकान महसूस करता है, सांस लेने में मुश्किल होती है या उसे चक्कर आते हैं, तो विशेषज्ञ को सूचित करना महत्वपूर्ण होता है। रक्त कोशिकाओं का स्तर सामान्य होने पर भी व्यक्ति को थकान महसूस हो सकती है। कुछ लोगों में यह थकान उपचार के कुछ महीनों बाद समाप्त हो जाती है। उपचार के कारण व्यक्ति की ध्यान केंद्रित करने या स्पष्ट रूप से सोचने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।

आँखों में सूजन और नाक बहना

कुछ कीमोथेरेपी उपचार में उपयोग की जाने वाली दवा 5थ्न् के कारण आँखों में सूजन, किरकिरा पन आ सकता है और नाक बह सकती है। आई ड्रॉप से सूजन में आराम मिल सकता है। सहायता के लिए विशेषज्ञ टीम से बात करना सर्वश्रेष्ठ रहता है

दस्त

व्यक्ति को दस्त लग सकते हैं लेकिन दवाएँ उसे नियंत्रित करने में सहायता करेंगी। बहुत अधिक दस्त (24 घंटे की अवधि में दस्त के चार से अधिक एपिसोड को रूप में वर्गीकृत किया जाता है) लगने पर जितनी जल्दी संभव हो सके उतनी जल्दी डॉक्टर को सूचित करें। शरीर में पानी की कमी से बचने के लिए बहुत अधिक मात्रा में पानी पीना महत्वपूर्ण होता है।

मूत्र संबंधी समस्याएँ

कीमोथेरेपी के दौरान बहुत अधिक मात्रा में पानी पीना महत्वपूर्ण होता है क्योंकि कुछ दवाएँ (विशेष रूप से साइक्लोफोस्फामाइड) ब्लैडर की परत पर जलन पैदा कर सकती हैं। यदि पेशाब करते समय व्यक्ति को जलन या दर्द हो, तो इसके बारे में विशेषज्ञ को सूचित करना महत्वपूर्ण होता है। उपचार के बाद कुछ दवाओं के कारण पेशाब का रंग 24 घंटे तक लाल हो सकता है। यह खतरनाक हो सकता है लेकिन यह दवा का सामान्य दुष्प्रभाव है।

रजोनिवृत्ति के लक्षण

चूंकि कीमोथेरेपी के कारण मासिक धर्म अनियमित हो सकते हैं या अस्थायी या स्थायी रूप से बंद हो सकते हैं, इसलिए कुछ महिलाएँ रजोनिवृत्ति लक्षनों का भी अनुभव कर सकती हैं। इसमें शरीर का गर्म होना, कामेच्छा की कमी और मिजाज में बदलाव आना शामिल हो सकते हैं। ओस्ट्रेजेन के कम स्तर (समय से पहले रजोनिवृत्ति के कारण) के कारण भी ऑस्टियोपोरोसिस होने का जोखिम बढ़ सकता है।

कीमोथेरेपी के दीर्घ अवधि दुष्प्रभाव क्या हैं?

कीमोथेरेपी डिंब (अंडे) के विकास को प्रभावित कर सकती है, जिसके कारण प्रजनन क्षमता प्रभावित हो सकती है। महिलाएँ जिनकी आयु गर्भ धारण करने के योग्य है, उनके लिए प्रजनन एक समस्या हो सकती है जिस पर उपचार से पहले सावधानीपूर्वक विचार किए जाने की आवश्यकता है। कुछ महिलाओं के मासिक धर्म अनियमित हो जाते हैं या अस्थायी रूप से बंद हो जाते हैं। कुछ महिलाओं के मासिक धर्म पूर्ण रूप से बंद हो जाते हैं, जो इंगित करता है कि वह कभी गर्भ धारण नहीं कर पाएगी। यह महीला द्वारा सेवन की जा रही दवाओं के प्रकार, दी जाने वाली खुराक और रोगी की आयु पर निर्भर करता है। हालांकि मासिक धर्म फिर से हो सकते हैं लेकिन युवा महिलाओं की तुलना में महिलाएँ जिनकी आयु लगभग 40 वर्ष है या उससे अधिक है उनमें मासिक धर्म के पुनः होने की संभावना बहुत कम होती है।

स्तन कैंसर का उपचार किए जाने से पहले क्या प्रजनन क्षमता को संरक्षित रखना संभव है

भारत में, जहाँ अधिकांश कैंसर लगभग 40 वर्ष की आयु या यहाँ तक कि इससे कम उम्र वाली महिलओं को हो रहे हैं, इसलिए इलाज शुरू करने से पहले उपचार कर रही ऑन्कोलॉजी टीम और स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ विस्तृत चर्चा करना और परामर्श सत्र का आयोजन करना महत्वपूर्ण है। प्रजनन क्षमता को संरक्षित रखना संभव है और उपचार कर रही ऑन्कोलॉजिस्ट और स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ बहु-विषयक दृष्टिकोण आवश्यक है।

क्या गर्भावस्था के दौरान कीमोथेरेपी दी जा सकती है?

गर्भावस्था के दौरान कीमोथेरेपी की जा सकती है। हालांकि, प्रथम त्रैमासिक के दौरान इसे नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इसके कारण जन्म दोष और गर्भपात हो सकता है। दूसरे और तीसरे त्रैमासिक के दौरान कीमोथेरेपी आमतौर पर सुरक्षित रहती है। बहुत सी महिलाएँ जिनका इस दौरान कीमोथेरेपी द्वारा उपचार किया जाता है वे स्वस्थ्य शिशु को जन्म देने में सक्षम होती हैं, हालांकि जन्म के समय बच्चे का वजन कम होने या समय से पूर्व प्रसव होने का थोड़ा सा जोखिम होता है।

कीमोथेरेपी के दौरान क्या गर्भ निरोधक दवा दी जा सकती हैं?

महिलाएँ जिनक स्तन कैंसर हार्मोन संवेदनशील है उन्हें आमतौर पर गर्भ निरोधक गोलियों का सेवन न करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे स्तन कैंसर का हार्मोन द्वारा प्रेरित होने का जोखिम होता है।

हालांकि कीमोथेरेपी के दौरान मासिक धर्म अनियमित हो सकते हैं या पूर्ण रूप से बंद हो सकते हैं, इसलिए अभी भी गर्भनिरोधक का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। कीमोथेरेपी के दौरान गर्भ निरोधक के रूप में कंडोम का उपयोग करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि कीमोथेरेपी में दी जाने वाली दवाएँ पूरे शरीर को प्रभावित करती हैं और इस बात की संभावना होती है वे शरीर के तरल पदार्थ में मौजूद हो। उपचार के दौरन महीला अपना सामान्य सेक्स जीवन जारी रख सकती है लेकिन गर्भ न धारण करने की सलाह दी जाती है।

क्या स्तन कैंसर से निपटने में पूरक सहायता उपचार कर सकते हैं?

बहुत से लोगों का मानना है कि पूरक उपचार द्वारा कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों से निपटने में उन्हें मदद मिल सकती है, भले ही इस बात को साबित करने और इनसे प्राप्त होने वाले सुख की माप करने के लिए कोई भी चिकित्सीय प्रमाण नहीं हैं।